# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति - 20 मई 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 66 हजार 542 सैम्पलों की हुई जांच, पॉजिटिविटी दर 8 प्रतिशत पर पहुंची

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर लगातार घट रही है। आज 20 मई को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 8 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 66 हजार 542 सैंपलों की जांच में से 5212 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## सभी जिला अस्पतालों में शुरू होंगे पोस्ट कोविड ओपीडी स्वास्थ्य विभाग ने कलेक्टरों को जारी किए निर्देश

- प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों में पोस्ट कोविड ओपीडी शुरू किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में कलेक्टरों को परिपत्र जारी कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने पोस्ट कोविड ओपीडी में मेडिसिन, नेत्र, ईएनटी और अन्य विशेषज्ञों के साथ ही फिजियोथेरेपिस्ट की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा है। जिला अस्पतालों में कोविड मरीजों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं जैसे अवसाद, बेचौनी, नींद में कमी इत्यादि से संबंधित परामर्श एवं उपचार के लिए भी सप्ताह में तीन दिन ओपीडी संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

- वर्तमान में ऐसा देखने में आया है कि कोविड-19 के मरीजों के इलाज के बाद डिस्चार्ज किए जाने के उपरांत कुछ मरीजों में साँस लेने में कठिनाई, थकान, कमजोरी जैसे लक्षण परिलक्षित हो रहे हैं। साथ ही विगत कुछ दिनों में उपचारित हो चुके कोरोना के मरीजों में म्युकरमाइकोसिस (Mucormycosis) के प्रकरण भी राज्य में बढ़े हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए कोविड-19 से ठीक हुए मरीजों के नियमित फॉलो-अप और इन लक्षणों के उपचार के लिए प्रत्येक जिला अस्पताल में पोस्ट कोविड ओपीडी प्रारंभ किया जाना अति आवश्यक है। इन क्लिनिकों में मरीजों के उपचार के लिए विशेषज्ञों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी।

## रेल, सड़क एवं वायुमार्ग से छत्तीसगढ़ आने वाले यात्रियों के लिए अब 96 घंटे के भीतर की आरटीपीसीआर निगेटिव रिपोर्ट मान्य

- छत्तीसगढ़ आने वाले यात्रियों के लिए राज्य शासन ने कोविड जांच की अनिवार्यता संबंधी दिशा-निर्देशों में आंशिक संशोधन किया है। अब रेल, सड़क और वायुमार्ग से छत्तीसगढ़ आने वाले यात्रियों के लिए 96 घंटे के अंदर की आरटीपीसीआर निगेटिव रिपोर्ट मान्य होगी। कोरोना से बचाव के टीके की दोनों खुराकें ले चुके लोगों को भी राज्य में प्रवेश दिया जाएगा। ऐसे लोगों को अपना टीकाकरण प्रमाण-पत्र साथ रखना होगा। विमान से छत्तीसगढ़ आने वाले यात्रियों के लिए बोर्डिंग के समय आरटीपीसीआर जांच रिपोर्ट की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। नए दिशा-निर्देश 21 मई से प्रभावी होंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी संभागों के आयुक्तों, पुलिस रेंज के महानिरीक्षकों, कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को नए दिशा-निर्देशों के संबंध में आज परिपत्र जारी किया है।

## आज दिनांक 20 मई 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 6,66,081 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण राज्य के 575 केन्द्रों में किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 34,729 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 2191, बीपीएल के 12692, एपीएल के 18040, फ्रंटलाइन वर्कर के 1806 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

* डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी सलाह वर्चुअल टेली ओ.पी.डी. के माध्यम से मरीज ले सकते है। प्रतिदिन समय सुबह **10:30 से 11:30** बजे, अवकाश दिवस को छोड़कर। लिंक के माध्यम से वर्चुअल ओ.पी.डी. ज्वाइन की जा सकती है।

https://zoom.us/j/94714208087?pwd=VXdZT2VBQ2xzR0tWdW0rL05lS3NwQT09
Meeting ID: 947 1420 8087, Passcode: 123456

दूरभाष नम्बर पर कॉल कर 0771-2890079 जानकारी ली जा सकती है।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 5212 |
| | | कुल | 936423 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 1386 |
| | | कुल* | 146151 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 8115 |
| | | कुल* | 696511 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 9501 |
| | | कुल | 842662 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 81466 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल – 113 | कोविड–19 | 47 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 66 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

| |
|---|
| आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 66,542 |



←— मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं —→



## छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 20-05-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 116 | 94688 | 90 | 13251 | 159 | 76967 | 90218 | 2759 | 12 | 1711 |
| 2 | राजनांदगांव | 75 | 54965 | 53 | 12105 | 271 | 40485 | 52590 | 1896 | 1 | 479 |
| 3 | बालोद | 119 | 25720 | 94 | 8060 | 162 | 15586 | 23646 | 1728 | 3 | 346 |
| 4 | बेमेतरा | 78 | 19237 | 6 | 3141 | 127 | 14512 | 17653 | 1363 | | 221 |
| 5 | कबीरधाम | 87 | 21969 | 15 | 2186 | 222 | 17349 | 19535 | 2191 | 3 | 243 |
| 6 | रायपुर | 240 | 154159 | 230 | 27954 | 213 | 118209 | 146163 | 4959 | 13 | 3037 |
| 7 | धमतरी | 152 | 25024 | 14 | 2232 | 98 | 20125 | 22357 | 2177 | 7 | 490 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 256 | 39802 | 77 | 7911 | 497 | 26931 | 34842 | 4551 | 4 | 409 |
| 9 | महासमुंद | 187 | 29431 | 29 | 3609 | 254 | 22451 | 26060 | 3055 | 2 | 316 |
| 10 | गरियाबंद | 91 | 18519 | 11 | 3291 | 175 | 13294 | 16585 | 1759 | 1 | 175 |
| 11 | बिलासपुर | 167 | 63593 | 143 | 6300 | 470 | 52579 | 58879 | 3572 | 11 | 1142 |
| 12 | रायगढ़ | 392 | 58349 | 124 | 10758 | 979 | 40173 | 50931 | 6605 | 15 | 813 |
| 13 | कोरबा | 283 | 52013 | 63 | 4134 | 670 | 42425 | 46559 | 4939 | 6 | 515 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 290 | 53070 | 24 | 7113 | 686 | 39811 | 46924 | 5456 | 13 | 690 |
| 15 | मुंगेली | 192 | 22332 | 7 | 841 | 314 | 17929 | 18770 | 3415 | | 147 |
| 16 | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 138 | 10904 | 4 | 614 | 229 | 8011 | 8625 | 2153 | 7 | 126 |
| 17 | सरगुजा | 452 | 29420 | 45 | 3148 | 480 | 21623 | 24771 | 4432 | 1 | 217 |
| 18 | कोरिया | 356 | 23140 | 0 | 1389 | 703 | 16731 | 18120 | 4880 | 1 | 140 |
| 19 | सूरजपुर | 462 | 25046 | 4 | 1766 | 355 | 17672 | 19438 | 5432 | 4 | 176 |
| 20 | बलरामपुर | 276 | 17024 | 13 | 1361 | 199 | 11888 | 13249 | 3675 | | 100 |
| 21 | जशपुर | 222 | 22992 | 66 | 3837 | 297 | 15218 | 19055 | 3776 | 4 | 161 |
| 22 | बस्तर | 177 | 17665 | 92 | 3962 | 174 | 11775 | 15737 | 1768 | 1 | 160 |
| 23 | कोंडागांव | 105 | 11375 | 19 | 1534 | 60 | 8819 | 10353 | 935 | | 87 |
| 24 | दंतेवाडा | 69 | 9081 | 30 | 3914 | 72 | 4697 | 8611 | 451 | | 19 |
| 25 | सुकमा | 30 | 5482 | 32 | 3035 | 9 | 2170 | 5205 | 262 | | 15 |
| 26 | कांकेर | 133 | 22035 | 43 | 3023 | 237 | 16281 | 19304 | 2534 | 1 | 197 |
| 27 | नारायणपुर | 44 | 3210 | 42 | 2291 | 3 | 569 | 2860 | 340 | | 10 |
| 28 | बीजापुर | 23 | 5499 | 16 | 2850 | 0 | 2231 | 5081 | 387 | | 31 |
| 0 | अन्य राज्य | 0 | 679 | 0 | 541 | 0 | 0 | 541 | 16 | 3 | 122 |
| **महायोग** | | **5212** | **936423** | **1386** | **146151** | **8115** | **696511** | **842662** | **81466** | **113** | **12295** |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं

